# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–02 नवम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

स्वदेशी रक्षा क्षमता का जायजा लेने के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज कानपुर में फील्ड गन फैक्ट्री का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने धनुष, सारंग गन और इंडियन फील्ड गन तथा टी–90 टैंक की बैरल को बनते देखा और उनकी गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की। इससे पहले कानपुर पहुंचने पर संवाददाताओं से बातचीत में रक्षामंत्री ने कहा कि पहले की तुलना में आतंकी घटनाओं में काफी कमी आई है लेकिन जो भी घटनाए हुई है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। सेना इसका जवाब दे रही है सुरक्षाबल पूरी तरह सजग है। भारत–चीन सीमा पर दीपावली के अवसर पर मिठाई बांटने के सवाल पर रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत अपने सभी पडोसी देशों से अच्छे संबंध बनाये रखना चाहता है। रक्षा मंत्री ने कानपुर में आईआईटी के पैंसठवें स्थापना दिवस समारोह में भी हिस्सा लिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कर करीब दो सौ लोगों की समस्याएं सुनी और त्वरित तथा संतुष्टिपरक समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़संकल्पित है। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह हर व्यक्ति की समस्या को संवेदनशीलता के साथ सुने और उसका समाधान सुनिश्चित करें।

**********

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया ने युवाओं का आह्वान किया है कि वह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2022–23 के लिए आवेदन करें। इस महीने की पन्द्रह तारीख तक आवेदन किया जा सकता है। यह पुरस्कार पन्द्रह से उनतीस वर्ष की आयु के व्यक्तियों और संगठनों को विकास और समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य और योगदान के लिए दिए जाते हैं। 2022–23 के राष्ट्रीय युवा पुरस्कारों के लिए आवेदन गृह मंत्रालय के पुरस्कार पोर्टल के जरिए आमंत्रित किए गए हैं।

**********

प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुंभ महापर्व के लिए जिला नगर प्रवेश और भूमि पूजन कल होगा। इस अवसर पर देश–विदेश से आये संत प्रयागराज में प्रवेश करेंगे। नगर प्रवेश यात्रा रामापुल से शुरू होकर मौजगिरिश्री पंच दशनाम अखाड़े तक जाएगी। इस अवसर पर कुंभ महापर्व के दौरान किसी प्रकार का विघ्न न आने देने के लिए पंच दशनाम जूनागढ़ अखाड़े द्वारा शनिदेव, यमुना और धर्मराज का पूजन किया जाएगा।

**********

त्योहार के मौसम को देखते हुए भारतीय रेलवे ने लोगों के आवागमन की सुविधा के लिए कई कदम उठाए हैं। इस क्रम में कई रेल गाड़िया चलाई जा रही हैं। लखनऊ मंडल में यात्रियों की सुविधा के लिए क्या–क्या कदम उठाए गये हैं यह जानकारी लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सचिन्द्र मोहन शर्मा ने हमारे संवाददाता को दी।

**सत्ताइस तारीख से ही नौ तारीख तक स्पेशल चल रही हैं। पहले दीवाली और फिर छठ के लिए जो स्पेशलस हैं। वो चल रही हैं बिहार माउंट्स स्पेशलस है काफी अगर मैं लखनऊ मण्डल की बात करू तो आज की तारीख में हमारे यहां करीब 50 स्पेशल ट्रेनस हैं। जो लखनऊ मंडल के एक्रोस चल रही है और इसमें काफी सारी बिहार की तरफ हैं और नही तो गोरखपुर डाईरेक्शन के लिए हैं और ये ज्यादातर नई दिल्ली से आनंद बिहार, अमृतसर, जम्मू, लखनऊ इस साइड से आ रही है। कुछ तो गुजरात से गोरखपुर और मुम्बई से गोरखपुर की तरफ भी जा रही है।**

**********

बलिया जिले के स्थापन दिवस के उपलक्ष्य में पिछली अट्ठाइस अक्टूबर से आयोजित पांच दिवसीय बलिया महोत्सव का आज भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन समापन कार्यक्रम में पहुंचे दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने अपने लोकगीतों की  प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मौजूद रहें।

**********

दीवाली के पंच पर्व की श्रृंखला में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का पर्व कल से प्रदेश भर में श्रद्धा भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पर्व पर आज भी कई जिलों में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। मथुरा सहित समूचे ब्रजमंडल में आज गोवर्धन पूजा की धूम है। वहां की गोवर्धन पूजा में देशी और विदेशी हिस्सा ले रहे हैं। मान्यता है की भगवान श्रीकृष्ण ने इन्द्र का मान–मर्दन करने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उगली पर उठाया था, तभी से वहां गोवर्धन पूजा की परंपरा चली आ रही है। मथुरा के स्कॉन मंदिर में भी गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। अयोध्या में अन्नकूट महोत्सव को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। वहां छप्पन प्रकार का व्यंजन तैयार किया गया और भगवान श्रीराम को उसका भोग लगाया गया। अयोध्या में कनक भवन, हुनमान बाग, मणिराम की छावनी, रामबल्लभाकुंज सहित सभी मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया और भगवान श्रीराम को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। वाराणसी, मुजफ्फरनगर, इटावा और मेरठ में भी गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव के श्रद्धा के साथ मनाये जाने की खबर है।

**********

लखनऊ में आज जमघट का  पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज लखनऊ के चौक क्षेत्र में आयोजित प्रतियोगिता मे हिस्सा लिया । उन्होंने पतंग उड़ा कर प्रदेशवासियों को जमघट पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पारंपरिक त्योहारों को संरक्षित करने और बढ़ावा देने का कार्य कर रही है।

**********